भारत सरकार
Government of India
केन्द्रीय जल आयोग
Central Water Commission
बाढ़ पूर्वानुमान प्रबोधन निदेशालय
Flood Forecast Monitoring Directorate
Tele : 011-29583829, 29583545
e-mail : fmdte@nic.in, ffmcwc@gmail.com

भू तल, विंग 7 , पश्चिमी खण्ड–2,
रामाकृष्ण पुरम, नई दिल्ली–110066

विषय : दिनांक 16-08-2024 की समाचार की कतरन ( News Clippings ) प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में ।

मानसून/ बाढ़ सम्बन्धी समाचारों की कतरन ( News Clippings ) अवलोकन हेतु प्रस्तुत हैं :

सलंग्न : उपरोक्तानुसार

Mahima
16/08/2024
~~(सहायक निदेशक)~~ EAD(HM)

उपनिदेशक
16/08/2024

निदेशक (बा.पू.प्र.)

नवभारत टाइम्स (16-08-2024)

# माता वैष्णो देवी रूट में लैंडस्लाइड, रास्ता बदला



लैंडस्लाइड श्री माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग में देवरी के पास हुआ है।

**जम्मू क्षेत्र में 24 घंटे में भारी बारिश हुई**

■ **पीटीआई, श्रीनगरः** जम्मू-कश्मीर में लगातार भारी बारिश की वजह से कटरा से माता वैष्णो देवी दरबार भवन जाने वाले मुख्य मार्ग पर भूस्खलन हुआ है। इससे भवन तक की यात्रा प्रभावित हुई है। यह लैंडस्लाइड श्री माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग में देवरी के पास हुआ है। इस कारण फिलहाल यात्रा रोक दी गई है। हालांकि, भूस्खलन के कारण किसी जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। एक वैकल्पिक रास्ते के जरिए यात्रा शुरू हो गई है। श्राइन बोर्ड के सदस्यों ने कहा कि वे इस स्थिति पर बारीक नजर रखे हुए हैं। भारत मौसम विभाग के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में जम्मू क्षेत्र के कई इलाकों में बेहद भारी बारिश हुई है।